तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 15.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार, 17 नवंबर 2024

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

12 चार दिनी बस्तर ओलंपिक के समापन ...




12 सेंट माइकल्स हायर सेकंडरी स्कूल के स्वर्ण जयंती...



## खबर संक्षेप

### नेवारी नेटवर्क टावर एक साल से है बंद



**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल के ग्राम नेवारी स्थापित बीएसएनएल टावर लगे हुए एक साल हो गया है। यह टावर एक साल बाद भी चालू नहीं हो पाया है। गांव में टावर की स्थापना करने से नेवारी सहित आसपास के गांवों के ग्रामीण खुश थे। भारत संचार निगम लिमिटेड विभाग लाखों रूपए खर्च कर टावर ग्राम नेवारी में लगाया, लेकिन एक साल बाद भी चालू नहीं किया गया है। आम नागरिक लगातार टावर को चालू कराने की मांग कर रहे हैं, लेकिन ग्रामीणों की मांग को भारत संचार निगम लिमिटेड नहीं सुन रही है। ग्रामीण भगवानी नेताम, जगतराम एवं अमरसिंग ने बताया कि हमारे गांव में एक साल पहले बीएसएनएल की नई मोबाइल टावर लगाई गई है, लेकिन आजतक चालू नहीं किया गया है। नए मोबाइल टावर शोपीस बनकर खड़ा है। इन्होंने बताया कि शेष पेज 10 पर

**आपरेशन :** सेटेलाइट फोन पर उच्च अधिकारी कर रहे हैं संपर्क, जवानों की टीम सुरक्षित

# मुसफर्सी जंगल में चली दनादन गोलियां, उत्तर अबूझमाड़ हिला, कई हार्डकोर नक्सली हैं घेरे में

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

आठ माह पहले जवानों की जिस टीम ने हापाटोला के जंगल में 29 नक्सलियों को मार गिराया था, वहीं टीम बीती रात को इनपुट मिलने पर हापाटोला के आगे मुसफर्सी जंगल में पहुँच गई। उत्तर की ओर से पहुँची टीम को नक्सलियों के संतरी ने देखकर अधाधुंध फायरिंग शुरू कर दिया, जवाबी में उत्तर में तैनात फोर्स ने जवाबी हमला बोल दिया। मुसफर्सी के जंगल में सुबह 8 बजे से चल रही दनादन गोलियो व बारूद से उत्तर अबूझमाड़ हिल गया। टीम को रवाना करने के पहले छोटेबेठिया थाना में अफसरों ने जवानों का हौसला बढ़ाते हुए रवाना किया था।

- हापाटोला के बाद मुसफर्सी में जवानों की टीम ने हार्डकोर नक्सलियों को घेरा

मुसफर्सी के जंगल में जवानों की ओर से टीम का नृतत्व करने वाले वहीं अधिकारी है जो 16 अप्रैल 2024 को हापाटोला मुठभेड़ में शामिल थे। मुसफर्सी में दो सीसी मेंबर सहित लगभग 50 माओवादियों के होने की बात सामने आ रही है। सांय 6 बजे तक मिले इनपुट के आधार पर नक्सली चारों तरफ से घिरे हुए है और बाहर सीसी मेंबर को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए एक टीम लगी हुई थी। सीसी मेंबर को पश्चिम दिशा गढ़चिरौली की ओर भागने का मौका था, दोपहर तक भाग गए होंगे तो सफल हो जाएंगे, वहीं दोपहर बाद गढ़चिरौली की सी 60 टीम पहुँची है। दोपहर तक सीसी मेंबर नहीं निकले होंगे तो यह तय है कि नक्सलियों की यह टीम चारों तरफ से फंस गई है। चारों तरफ की टीम अलर्ट रहेगी तो 17 नवंबर को सुबह बड़ी सफलता फोर्स को मिल सकती है। मुठभेड़ में शामिल टीम समाचार लिखे जाने तक वापिस नहीं आई है, यह टीम रात शेष पेज 10 पर



मुसफर्सी जंगल जाने के पहले अफसर जवानों को ब्रीफ करते हुए

### सीसी मेंबर की थी उपस्थिति

सूत्रों की मानें तो मुसफर्सी के जंगल में सीसी मेंबर प्रभाकर, राजू दादा और अभय के नाम की चर्चा चल रही है। वास्तव में मुसफर्सी के जंगल में सीसी मेंबर कौन कौन थे, इसकी अधिकृत पुष्टि कोई नहीं कर पा रहा है। पुलिस के सूत्रों की मानें तो प्रभाकर और राजू दादा का इनपुट मिलने पर ही टीम को रवाना किया गया था।

### सेटेलाइट फोन से हो रहा संपर्क

मुसफर्सी के जंगल में जहाँ पर टीम है, वहाँ में किसी भी कंपनी का नेटवर्क नहीं हो पाने के कारण पुलिस के आला अफसर केवल सेटेलाईट फोन से ही संपर्क कर पा रहे है और सेटेलाईट फोन से जितनी जानकारी मिल रही है, उसी को मीडिया के पास उच्च अधिकारी साझा कर रहे है।

### छोटेबेठिया थाना में टीम को दिया था टिप्स

गश्त पर निकलने वाली टीम को छोटेबेठिया थाना में आईपीएस एएसपी संदीप पटेल, एएसपी पखांजुर डा. प्रशांत शुक्ला, एसडीओपी रवि कुजूर और इंसपेक्टर लक्ष्मण केंवट ब्रीफ किया और आपरेशन में किस प्रकार की सावधानी बरतना है, उसकी भी टिप्स दिया। अफसरों के द्वारा दिए गए टिप्स का ही लाभ गश्त पर निकली टीम को मिला और यह सफलता हासिल हुई।

# अवैध परिवहन, तीन के खिलाफ कार्रवाई, धान और मक्का जब्त

**148.50 क्विंटल मक्का और 26.20 क्विंटल धान की गई जब्त**





हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

खरीफ विपणन वर्ष से 024- 25 के तहत राज्य सरकार द्वारा 14 नवम्बर से धान खरीदी प्रारंभ कर दी गई है। इसी के साथ ही अवैध रूप से धान का परिवहन, भंडारण और विक्रय करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिले में धान के अवैध परिवहन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार 15 नवम्बर को कृषि उपज मंडी चारामा की मंडी सचिव द्वारा जांच के दौरान अवैध रूप से धान और मक्का परिवहन के मामले में 03 अलग अलग जब्ती के प्रकरण तैयार कर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मेसर्स नवकार ट्रेडर्स नारायणपुर के 148.50 क्विटल मक्के का परिवहन करते हुए पाया गया। इसी तरह ईश्वर धुव सुरही से 11 क्विंटल धान और मंजू नेताम ग्राम बादल से 15.20 क्विंटल धान, कुल 26.20 क्विंटल की जब्ती कर संबंधितों के विरुद्ध क्रमशः मंडी अधिनियम 1972 की धारा 19 और धारा 02 की उपधारा (1) ड ड के तहत नियमानुसार कार्यवाही की गई। कलेक्टर के निर्देशानुसार आगे भी अवैध धान परिवहन करते पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उक्त कार्यवाही प्रभारी मंडी सचिव चारामा शकुंतला ओझा, तब्बूबाला चतुर्वेदी और रितेश नाग सम्मिलित रहे।

## चार पोलिंग बूथों के लिए अध्यक्ष सचिव और कार्यकारिणी नियुक्त



**दुर्गूकोंदल।** शक्ति केंद्र कोंडे में कार्यकर्ता जनसंपर्क अभियान के तहत चार पोलिंग बूथ का अध्यक्ष सचिव एवं कार्यकारिणी नियुक्त किया गया, जिसमें शक्ति केंद्र प्रभारी रामचंद्र कल्लो, सह प्रभारी शिरो कोमरे के समक्ष पोलिंग बूथ कोंडे 24 में अध्यक्ष दीपक पुड़ो, सचिव उमेंद्र कल्लो, पोलिंग बूथ गुमड़ीडिही 25 में अध्यक्ष श्रीमती गंगेश्वरी जैन, सचिव पुनीत यादव, पोलिंग साधुमिचगांव 26 में कलिता आंचला, सचिव शिवलाल कोमरा, सराधुघमरे 27 में अध्यक्ष नरेश यादव को सहमति से नियुक्त किया गया। इस अवसर पर शक्ति केंद्र प्रभारी रामचंद्र कल्लो, सह प्रभारी शिरो कोमरे, बोधन साहू, दीपक पुड़ो, कुंदन साहू, छब्बी जैन, उमेंद्र कल्लो, रामसाय जैन, गेशवरी जैन, कमले साहू सहित बीजेपी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रिसेवाड़ा मेन रोड का ट्रांसफार्मर झुका, गंभीर हादसे की आशंका



**नरहरपुर।** विकासखंड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत रिसेवाड़ा स्थित मेन रोड में विद्युत ट्रांसफार्मर दो वर्षों से झुका हुआ है, जिससे कभी भी हादसा हो सकता है। रिसेवाड़ा के उप सरपंच ने बताया कि छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल कार्यालय अमोड़ा को कई बार उक्त ट्रांसफार्मर के बारे में शिकायत किया गया है, परंतु विभाग के आला अफसर कुंभकर्णी नींद में सोकर घटना का इंतजार कर रहे है। रिसेवाड़ा के ग्रामीण वनवासी मंडावी, राजेश पटेल, रमेश राम पटेल, सुखराम सिंह, लोकेश कुमार दुग्गा, रमेश दुग्गा, सदाराम मरकाम, परसराम जैन, भोलाराम यादव, सुरेश पटेल, जयराम मंडावी, बेनीपुरी गोस्वामी, चित्रसेन कुशल पटेल, ईश्वर पटेल, सुरेंद्र पटेल, गोकुल पटेल, कुमारी मंडावी, चरण सिंह मंडावी एवं अन्य किसानों ने बताया कि इस ट्रांसफार्मर से कई किसानों को कनेक्शन दिया गया है, जिससे कभी भी हादसा हो सकता है।,वही अचानक ट्रांसफार्मर में शेष पेज 10 पर

हरिभूमि पाठक सूचना
कांकेर जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969



## खबर संक्षेप



### केशकाल घाटी के कार्य में तेजी लाने के कड़े निर्देश

कोण्डागांव। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने केशकाल घाटी पहुंचकर उन्नयन कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने एनएच के अधिकारियों और ठेकेदार को युद्धस्तर पर कार्य करते हुए निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। घाटी के निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्रांकिटीकरण और डामरीकरण कार्य को देखा और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने को कहा। उन्होंने ठेकेदार को निर्देशित किया कि लेबर की संख्या बढ़ाते हुए कार्य में तेजी लाएं। साथ ही उन्होंने डस्ट को जल्द हटाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एस डी एम केशकाल अंकित चौहान सहित एन एच के अधिकारी उपस्थित रहे।

### देवनाथ उइके का राज्य स्तरीय खो-खो स्पर्धा के लिए चयन

कोण्डागांव। शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोण्डागांव के बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र देवनाथ उइके का चयन राज्य स्तरीय खो–खो पुरुष प्रतियोगिता के लिए हुआ है। देवनाथ छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस



प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में बस्तर सेक्टर का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह प्रतियोगिता 20 से 21 नवंबर 2024 तक शासकीय वी.वाई.टी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में आयोजित की जाएगी, जिसमें राज्य के कुल 10 सेक्टर की टीमें हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता से पहले खिलाड़ियों के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 17 से 19 नवंबर 2024 तक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नारायणपुर में किया जाएगा। महाविद्यालय के खेल अधिकारी एच.आर. यदु ने बताया कि महाविद्यालय में अक्टूबर और नवंबर माह में खो–खो सहित विभिन्न खेलों का नियमित अभ्यास कराया गया है। इसी मेहनत का परिणाम है कि महाविद्यालय के छात्र–छात्राएं खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। देवनाथ के इस चयन पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सी.आर. पटेल, समस्त प्राध्यापक, अधिकारी एवं कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त किया हैं। देवनाथ ने अपने चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उनका लक्ष्य राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर महाविद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करना है।

# गोदामों में छापामार कार्रवाई, 926 बोरा अवैध धान जब्त, संयुक्त अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

खरीफ विपणन वर्ष 2024–25 के अंतर्गत धान उपार्जन कार्य को सुचारू और पारदर्शी बनाए रखने के लिए कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार जिले में धान के अवैध परिवहन और भंडारण को रोकने के लिए सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में राजस्व विभाग और खाद्य एवं मंडी विभाग के संयुक्त जांच दल ने फरसगांव अनुविभाग के विभिन्न गोदामों में छापेमारी और जांच की। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व फरसगांव अश्वनी कुमार पुसाय के नेतृत्व में जांच दल ने कई थोक और फुटकर व्यापारियों के गोदामों की जांच की। बाबा राइस मिल फरसगांव में स्टॉक पंजी के अनुसार 1653.51 क्विंटल धान का रिकॉर्ड था। लेकिन भौतिक सत्यापन के दौरान 1968.51 क्विंटल धान पाया गया। इसमें से 315 क्विंटल 786 बोरे धान अनधिकृत रूप से संग्रहित पाया गया। जांच दल ने इस पर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जांच दल ने स्पष्ट किया कि धान के अवैध परिवहन और भंडारण में लिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि धान उपार्जन प्रक्रिया की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए जिले में नियमित रूप से इस प्रकार की जांच की जाएगी। अवैध धान के आवक को पूरी तरह रोकने के लिए प्रशासन कटिबद्ध है।

**धान के अवैध परिवहन और भंडारण की रोकथाम के लिए राजस्व, खाद्य और मंडी विभाग का अभियान जारी**

### बड़ेडोंगर गोदाम में भी अवैध धान जब्त

इसी तरह, मे. लखन प्रसाद साहू बड़ेडोंगर के गोदाम में 140 बोरा धान लगभग 56 क्विंटल बिना मंडी अभिलेख के पाया गया। जांच दल ने इसे मंडी अधिनियम का उल्लंघन मानते हुए अवैध धान को जब्त कर लिया।



### जांच दल में अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी

जांच के दौरान तहसीलदार फरसगांव डॉ. कुमार, नायब तहसीलदार सुश्री निधि एस. नेताम, सहायक खाद्य अधिकारी उत्तम जगत, मंडी निरीक्षक हरिशचंद बघेल, हल्का पटवारी फरसगांव पवन कुमार नेताम और हल्का पटवारी बड़ेडोंगर दिनेश राणा उपस्थित रहे। इन अधिकारियों ने गोदामों के अभिलेखों की गहन जांच की और भौतिक सत्यापन सुनिश्चित किया।

**समारोह : बस्तर ओलंपिक 2024 के समापन समारोह में शामिल हुए वन मंत्री**

# पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ खेलकूद भी जीवन के लिए है महत्वपूर्ण : केदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर





जनजातीय बाहुल्य और माओवाद प्रभावित बस्तर संभाग में खेल के माध्यम से विकास और संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन किया गया। इस आयोजन को लेकर युवाओं में विशेष उत्साह देखा गया, जिसमें सुदूर गांवों से आए युवा अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया गया। मुख्यमंत्री साय ने इस पहल को जनजातीय संस्कृति और पारंपरिक खेलों के संरक्षण के साथ ही युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण प्रयास बताया है।

> ■ जिले के दूरस्थ अंचल के खिलाड़ियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया

जिले में विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 09 से 16 नवंबर तक किया गया, जिसमें नारायणपुर विकासखंड हेतु प्रतियोगिता का आयोजन 09 से 11 नवंबर तक परेड ग्राउंड और खेल परिसर में किया गया, जिसमें जिले के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ओरछा विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता 14 से 16 नवंबर तक आयोजन किया गया। आज विकासखण्ड स्तरीय बस्तर ओलंपिक के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य सरकार के वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास, सहकारिता और संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप शामिल हुए। मंत्री केदार कश्यप के द्वारा बस्तर ओलंपिक 2024 के विकासखंड ओरछा के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ जीवन में खेल भी महत्वपूर्ण होता है। इसलिए खेल में लक्ष्य निर्धारित कर अपने जीवन को आगे बढ़ाने के लिए परिश्रम करना आवश्यक है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप गांव के प्रतिभाओं को निखारने का अच्छा समय मिला है इस अवसर का फायदा उठाते हुए राज्य स्तर तक पहुंचने का लक्ष्य निर्धारित कर खेल के क्षेत्र में आगे बढ़े। खिलाड़ियों को हमेशा खेल भावना के साथ खेलकर अपने अनुशासन का परिचय देना चाहिए। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि अबूझमाड़ क्षेत्र के बच्चों ने मलखम्भ खेलों का हुंनरबाज बनकर देश के कई शहरों में प्रदर्शन कर अपने अबूझमाड़ का नाम रोशन किया है। समापन अवसर रुदाय वडडे एवं उनके साथियों तथा सुमीता कोर्राम एवं उनके साथियों के बीच रस्साकसी का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम स्थान रुदाय वडडे की टीम एवं द्वितीय स्थान सुमीता कोर्राम की टीम ने प्राप्त किया। आयोजन में सहभागिता प्रदान करने वाले खिलाड़ियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्तकर्ता खिलाड़ी को पुरस्कार स्वरूप मोमेंटों, ट्राफी, प्रमाण पत्र और गणवेश भी प्रदाय किया गया। आयोजन में भाग लेने वाले समस्त प्रतिभागियों को समहभागित प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया। विकासखण्ड ओरछा अंतर्गत आयोजित खेल में 100 मीटर दौड़ अंतर्गत सीनीयर पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान कमलू नुरेटी, द्वितीय राकेश कुमार, तृतीय विवके मरकाम, महिला सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान धनबती राना, द्वितीय रमोली, तृतीय दिनेश्वरी, 200 मीटर दौड़ अंतर्गत पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान कमलूराम नुरेटी, द्वितीय राकेश कुमार, तृतीय राजेश, महिला वर्ग में प्रथम धनबती राना, द्वितीय रमोली, तृतीय जैनी नुरेटी, 400 मीटर दौड़ अंतर्गत पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान लक्ष्मण पोटाई, द्वितीय धनसिंग वड्डे, तृतीय कमलूराम, महिला वर्ग में प्रथम स्थान सावित्री, द्वितीय विमला मण्डावी, तृतीय अंजू, गोला फैक अंतर्गत सीनियर पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान सुकलू उसेण्डी, द्वितीय पिलेश, तृतीय नीरज उसेण्डी, महिला वर्ग में प्रथम स्थान रोशनी उसेण्डी, द्वितीय सरस्वती यादव, तृतीय जैनी नुरेटी, उंची कुद अंतर्गत पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान ललित कुमार वडडे, द्वितीय भीम कोर्राम, तृतीय राकेश कोर्राम, महिला वर्ग में प्रथम स्थान सुमिता कोर्राम, द्वितीय सपीना कोर्राम, तृतीय रोशनी उसेण्डी, लंबी कूद अंतर्गत पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान रामजी, द्वितीय रोहित, तृतीय सुरेन्द्र, महिला वर्ग में पथम स्थान सावित्री, द्वितीय जैनी नुरेटी, तृतीय विमला दुग्गा, तवा फैक अंतर्गत पुरूष वर्ग में मुकेश, द्वितीय निरज उसेण्डी, तृतीय असवन कुमार, महिला वर्ग में प्रथम सुमिता, द्वितीय रमोली, तृतीय रासो, 400 मीटर रिले अंतर्गत पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान श्रवण कुमार नुरेटी, विवके मरकाम, वैभव ठाकुर, नीरज उसेण्डी, द्वितीय स्थान धनसिंग वडडे, लक्ष्मण कुमार मण्डावी, विजय कुमार उसेण्डी, लक्ष्मण कुमार पोयाम, तृतीय संतराम कोर्राम, रामजी कोर्राम, सुरेन्द्र गोटा, राजेश कोर्राम, महिला वर्ग में प्रथम स्थान रैयमती, धनबती, जैनी, मनीषा, द्वितीय स्थान सावित्री, देलेश्वरी, रवीना, किरन, भाला फैक अंतर्गत पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान मनोज सलाम, द्वितीय सुखलू उसेण्डी, तृतीय असवन कुमार, बैडमिंटन (एकल) अंतर्गत पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान रजनू मण्डावी, द्वितीय संजय गोटा और तृतीय स्थान अरूण कचलाम ने प्राप्त किया।

कार्यक्रम में सर्व आदिवासी समाज के संरक्षक रूपसाय सलाम, जिला पंचायत सदस्य प्रताप मण्डावी, पार्षद जैकी कश्यप, जयप्रकाश शर्मा, सरपंच कानागांव मगंडूराम नुरेटी, बृजमोहन देवांगन, नरेंद्र मेश्राम, संदीप झा, संजय नंदी, प्रीतेश जैन, नारायण मरकाम, रीता मण्डल, कलेक्टर बिपिन मांझी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत वासु जैन, डिप्टी कलेक्टर डॉ. सुमित गर्ग, एसडीएम अभयजीत मण्डावी, सहायक आयुक्त राजेंद्र सिंह सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# मंत्री कश्यप ने नारायणपुर को करोड़ों की सौगात दी और भवनों का लोकार्पण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर



राज्य सरकार के वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास, सहकारिता और संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप ने नारायणपुर के एक दिवसीय भ्रमण के दौरान 2 करोड़ 12 लाख रूपये के निर्माण कार्यो लोकार्पण एवं 65 करोड़ 5 लाख रूपये का भूमिपूजन कर जिले वासियों को सौगत दी। उन्होंने राहत शिविर भवन निर्माण हेतु 1 करोड़ 50 लाख रूपये, शबरी एम्पोरियम का नवनीकरण कार्य हेतु 24 लाख 52 हजार रूपये, कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय 100 सीटर हेतु 37 लाख 70 हजार रूपये से निर्मित भवनों का लोकापर्ण किया। उन्होंने कस्तुरमेटा से इकपाड़ सड़क निर्माण हेतु 2 करोड़ 19 लाख 94 हजार रूपये, कस्तुरमेटा कुतुल रोड से तोके सड़क निर्माण हेतु 10 करोड़ 32 लाख 38 हजार रूपये, सोनपुर मसपुर रोड से तुमेरादि सड़क निर्माण हेतु 14 करोड़ 58 लाख 98 हजार रूपये, सोनपुर से ऐहनार सड़क निर्माण हेतु 4 करोड़ 32 लाख 60 हजार रूपये, कड़ेमेटा से कोडोली सड़क निर्माण हेतु 18 करोड़ 78 लाख 64 हजार रूपये और कस्तुरमेटा से मकसोली सड़क निर्माण हेतु 18 करोड़ 67 लाख 41 हजार रूपये से निर्माण हेतु भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज के संरक्षक रूपसाय सलाम, जिला पंचायत सदस्य प्रताप मण्डावी, पार्षद जैकी कश्यप, सरपंच कानागांव मगंडूराम नुरेटी, बृजमोहन देवांगन, नरेंद्र मेश्राम, प्रीतेश जैन, नारायण मरकाम, रीता मण्डल, कलेक्ट बिपिन मांझी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत वासु जैन, अपर कलेक्टर बीरेंद्र बहादुर पंचभाई, एसडीएम अभयजीत मण्डावी, सहायक आयुक्त राजेंद्र सिंह सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### अभा फुटबॉल स्पर्धा का समापन आज

जगदलपुर। जिला फुटबॉल संघ की ओर से अखिल भारतीय फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन समारोह रविवार की दोपहर एक बजे शहर के इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम में किया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि खेल एवं युवा कल्याण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंक राम वर्मा, अध्यक्षता वन मंत्री केदार कश्यप, विशिष्ट अतिथि बसतर विकास प्राधिकरण एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी, सांसद महेश कश्यप, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव, विधायक विनायक गोयल, लखेश्वर बघेल, महापौर श्रीमती सफीरा साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप एवं जिला पंचायत के उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप रहेंगे।

# तीन दिनी सत्य साईं बाबा जन्मोत्सव 23 तक, शोभायात्रा आज निकालेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भगवान श्री सत्य साई बाबा का 99 वें जन्मोत्सव समारोह 17 से 23 नवंबर तक संपूर्ण विश्व में साप्ताहिक कार्यक्रम के रूप में मनाया जाएगा। जिसके तहत बस्तर संभाग के सभी समिति एवं भजन मंडली में भी विधिवत कार्यक्रम किया जाएगा। श्री सत्य साई सेवा समिति द्वारा 17 नवंबर को साई मंदिर से दोपहर 2 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी जो शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए पुनः मंदिर में संपन्न होगी। शहर के मोती तालाब पर स्थित श्री सत्य साई सेवा समिति द्वारा 17 से 23 नवंबर तक प्रतिदिन शाम 6 से संध्या 6.30 तक, वेद पाठ संध्या 6.30 से संध्या 7 बजे तक, सामूहिक भजन संध्या 7 बजे से संध्या 7.20 तक से बाबा का संदेश एवं वीडियो-शो संध्या 7.20 से रात्रि 7.55 तक बाल विकास बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति किया जाएगा। तत्पश्चात सभी बच्चों को प्रोत्साहित एवं पुरस्कृत किया जाएगा एवं रात्रि 7.55 से रात्रि 8 महामंगल आरती एवं प्रसाद वितरण होगा। 19 नवंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन महारानी अस्पताल में प्रातः 9 बजे से संध्या 5 तक किया गया है और मंदिर में महिला दिवस के रूप में मनाया जाएगा। 23 नवंबर को मंदिर में सुबह 5.30 पर ओमकाराम एवं सुप्रभातम किया जाएगा। श्री सत्य साई सेवा संगठन जिला आईटीआई प्रभारी मुकेश रायकवार ने जानकारी दी।

# बस्तर रेल लाइन के लिए आंदोलन करना पड़े तो जरूर करूंगा : कश्यप

जगदलपुर। बस्तर की रेल मांगों को लेकर हाई कमान से मुलाकात करूंगा ओर काम न होने पर आंदोलन करने की बात भी रखूंगा। उक्त बातें सांसद महेश कश्यप ने शहर के आकांक्षा होटल में आयोजित बैठक में कही। उन्होंने कहा कि बस्तर में रेल का विकास होगा। बस्तर के सांसद के रुप में जैसे ही मैं निर्वाचित हुआ मैंने बस्तर के रेल मुद्दे को दिल्ली सदन में उठाया है। विशाखापट्नम और रायपुर में रेल मंडल के अधिकारियों के साथ बैठक कर कई विषयों पर चर्चा कर शीघ्र पूरा करने की मांग किया था। केंद्र से रेल लाईन व डीपीआर के लिए पास स्वीकृति पर नई रेल लाइन के डीपीआर के लिए राशि स्वीकृत हुई। छत्तीसगढ़ के विकास की गाथा लिखने का कार्य अटल बिहारी बाजपेयी ने किया है। धमतरी से फोरलेन की स्वीकृति मिली है, ओवरब्रिज भी स्वीकृत हुई हैं। 60 प्रश्न मैंने अभी आगे सत्र में लगाने के लिए रखा है। जिसमे रेल, इन्द्रावती जीवन दायिनी सहित अन्य विषय है। जिनका उल्लेख आगामी सत्र में होगा।




## पेज 9 के शेष

### मुसफर्सी जंगल में...

को भी नक्सलियों को घेरे रह सकती है। जवानों ने रातभर घेरे रखा और नक्सली चारों दिशा के जाल को नहीं तोड़ पाएं तो नक्सलियों को मूलभूत सामग्री भी नहीं मिल पाएगी, जिससे नक्सलियों के हौसले पस्त हो जाएंगे और लड़ते हुए मारे जाएंगे या अपने आपको पुलिस के हाथ लगने के बजाए स्वंय अपने आपको समाप्त कर सकते है। यह तस्वीर रविवार को ही स्पष्ट हो पाएगी।

### नेवारी नेटवर्क टावर...

गांव के लोग नए मोबाइल टावर लगने बीएसएनएल सीम लेकर टावर चालू होने की एक साल से इंतजार करते बैठे हैं पर भारत संचार निगम लिमिटेड के अधिकारी मोबाईल टावर की स्थापना कर चुप बैठे हुए हैं।

### रिसेवाड़ा मेन रोड...

आग लगने से विद्युत व्यवस्था चरमरा गई है। ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर को सुधार करने की मांग शासन प्रशासन और विभाग से किया है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल अमोडा के कनिष्ठ यंत्री गंगा मरकाम ने बताया कि रिसेवाडा स्थित ट्रांसफार्मर एक साइड झुकने की शिकायत मिली है। इस संबंध में ट्रांसफार्मर पोल एवं अन्य तकनीकी, एस्टीमेट बनाकर उच्च कार्यालय को भेजा जा चुका है। स्वीकृति मिलने के उपरांत ही सुधार किया जा सकेगा।

# कलेक्टर ने कस्टम मिलिंग की प्रक्रिया को सुचारु बनाने राइस मिलर्स की बैठक ली



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने शुक्रवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के राइस मिलर्स की एक अहम बैठक का आयोजन किया। यह बैठक खरीफ विपणन वर्ष 2024–25 के दौरान धान उपार्जन और कस्टम मिलिंग से संबंधित प्रक्रिया को सुचारू बनाने के उद्देश्य से आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने शासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी और सभी राइस मिलर्स को 30 नवम्बर 2024 तक अनिवार्य रूप से पंजीयन कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पंजीयन प्रक्रिया में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और समय सीमा का पालन सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। कलेक्टर ने कहा कि धान उपार्जन कार्य को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए मिलर्स का सहयोग महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी मिलर्स से अपील की कि वे प्रशासन के साथ तालमेल बनाकर काम करें, ताकि धान संग्रहण और कस्टम मिलिंग कार्य समयबद्ध और प्रभावी तरीके से पूरा हो सके। बैठक के दौरान राइस मिलर्स ने अपनी समस्याओं को कलेक्टर के समक्ष रखा। इनमें से प्रमुख समस्याओं में मिलिंग प्रक्रिया के दौरान बिजली आपूर्ति में रुकावट, परिवहन में आ रही समस्याएं, मिलिंग के लिए समय पर खाली बोरे उपलब्ध न होना और भुगतान में देरी शामिल थीं। कलेक्टर श्री दुदावत ने इन समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे इनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन मिलर्स को हरसंभव मदद करेगा, ताकि उपार्जन और मिलिंग प्रक्रिया में कोई बाधा उत्पन्न न हो। कलेक्टर ने यह भी जोर दिया कि उपार्जन और कस्टम मिलिंग की प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा तय मानकों का पालन करना सभी की जिम्मेदारी है और किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर जिला खाद्य अधिकारी, नागरिक आपूर्ति निगम के प्रतिनिधि और कई अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। उन्होंने मिलर्स को कस्टम मिलिंग से संबंधित तकनीकी और प्रक्रियात्मक जानकारी दी। कलेक्टर ने सभी उपस्थित राइस मिलर्स का धन्यवाद किया और आश्वासन दिया कि प्रशासन और मिलर्स के संयुक्त प्रयासों से जिले में धान उपार्जन कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया जाएगा।




### बालेगा शाला समिति के कार्यक्रम में बालिका कबड्डी टीम सम्मानित

कोण्डागांव। शनिवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बालेगा के डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम पुस्तकालय में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की आवश्यक बैठक सह दीपावली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण में बस्तर ओलंपिक में कबड्डी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बालिका टीम और कबड्डी बालक वर्ग के प्रतिभागियों का सम्मान शामिल था। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष कुंवर सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष सुरेंद्र देवांगन, सांसद प्रतिनिधि जगन्नाथ मानिकपुरी, विधायक प्रतिनिधि ऋषभ देवांगन, मोहन सेठिया, नंद कुमार कौशल, सरस्वती सेठिया और ग्राम सचिव दीवान सर के करकमलों से विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। विधायक प्रतिनिधि ऋषभ देवांगन ने खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए बालक और बालिका दोनों वर्गो् को 500–500 का नकद पुरस्कार प्रदान किया। इस उदार योगदान के लिए विद्यालय परिवार ने उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया। प्राचार्य ने बैठक के दौरान उपस्थित सभी सदस्यों को अपार आईडी और जाति प्रमाण पत्र की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी। इस अवसर पर दीपावली मिलन का आयोजन हुआ।

# चारामा क्षेत्र के रेत खदानों में बढ़ा विवाद नहीं सुलझाने पर हो सकता है बड़ा हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर





विकासखंड चारामा के ग्राम पंचायत भर्रीटोला के आश्रित ग्राम ग्राम मचान्दूर में महानदी पर रेत खदान को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। दोनो गुट में बर्चस्व को लेकर थाना में भी भिड़ गए। प्रशासन ने दोनो गुटों के हौसलों को पस्त नहीं किया तो कभी भी मचांदुर में बड़ा हादसा हो सकता है। रेत खदानों में लगातार विवाद सामने आ रहे है, परंतु रेत माफियाओं के हौसले इतने बुलंद है कि उनको किसी का भी डर नहीं है।

मचांदुर रेत खदान का विवाद इतना बढ़ गया कि दो गुटों के युवक आपसी मारपीट में उतारू हो गए एवं एक दूसरे को गाली-गलौज करने लगे कुछ दिन पहले ही दोनों पक्ष में विवाद हुआ था, जिसे लेकर एक पक्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज के लिए आवेदन दिया था। पुलिस ने आवेदन को रख लिया, परंतु कोई कार्यवाही नहीं किया। 14 नवंबर गुरुवार को दोनों पक्ष में वाद विवाद इतना बढ़ गया की शाम 7 बजे मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराने कुछ युवक पुलिस थाना पहुंचे। इसके बाद दोनों पक्ष पुलिस थाने के अंदर ही एक दूसरे के ऊपर हमला करने पर थाना की पुलिस टीम के सामने उतारू हो गए एवं एक दूसरे को गाली गलौज करने लगे। दोनो गुटो के विवाद करने वालों का हौसला इतना बुलंद है कि थाने के अंदर ही मारपीट पर उतारू हो गए और पुलिस के जिम्मेदार यह सब तमाशा देखते रहे। विवाद और हो हल्ला जब ज्यादा बढ़ गया, तब थाने में उपस्थित एसआई एवं आरक्षकों ने सभी लोगों को पुलिस थाने के बाहर खदेड़ा एवं जो रिपोर्ट लिखवाना चाहता है, उन्ही युवकों को अंदर रखा। आवेदन लिए जाने के दो दिन बाद तक पुलिस ने इस पर अभी तक किसी भी पक्ष पर अपराध दर्ज नहीं किया है। थाना के बाहर घंटे भर तक 150 संख्या मे भीड़ लोग जमा थे एवं वाद विवाद होता रहा। दो-तीन घंटे तक चले वाद विवाद के बीच पुलिस थाना प्रभारी नहीं थे, वह कहाँ थे, इसका जवाब थाने में उपस्थित स्टाप नहीं दे पा रहा था।

चारामा पुलिस और रेत माफियाओं पर नकेल कसने के लिए संबंधित विभाग सामने नहीं आता है, तो इससे विवाद करने वालों का हौसला बढ़ेगा और यह विवाद व रंजिश कभी भी बड़ा रूप ले सकती है।

**आरोपियों ने बड़ेगौरी, लखनपुरी व नरहरपुर के देवगांव ,मुरूमतरा और टांहकापार में की चोरी**

# शौक पूरा करने करते थे चोरी, 8 लाख के जेवरात व नकदी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

दरगहन में चोरी करने वालों की पहचान घर मालिक ने 5 नवंबर को किया था और नामजद रिपोर्ट लिखाया था। चारामा पुलिस को इस चोरी में संलिप्त चोर को पकड़ने और खुलासा करने में 11 दिन लग गए, उसका कारण यह था कि यह गैंग चारामा थानांतर्गत बड़ेगौरी, लखनपुरी व नरहरपुर थाना क्षेत्र के देवगांव, मुरूमतरा और हल्बा चौकी के टांहकापार में हुई चोरी में शामिल थे। पुलिस ने सभी चोरों को अपने कब्जे में लेकर चोरी हुए सामान को जप्त किया, परंतु चोरी का माल खरीदी करने वाले व्यापारियों को बख्शा गया। विदित हो कि 5 नवंबर को दरगहन में आंगनबाड़ी सहायिका के घर हुई चोरी में चोरी करने वाले चोर दरगहन निवासी सूरज देवांगन को पहचान लिया और पुलिस को बताया कि सूरज देवांगन हमारे घर मे चोरी करने घुसा था, जो हम लोगों को देखकर घर से अपने एक हाथ में एक छोटा सब्बल एवं दूसरे हाथ में एक थैला लेकर हमारे घर अंदर से निकलकर भागने लगा और रोड में मोटर सायकल लेकर खड़े उसके दोस्त के साथ पीछे बैठकर दोनों भाग गए। दरगाहन चोरी से इनपुट मिलने पर चारामा पुलिस ने घेराबंदी कर 22 वर्षीय सूरज देवांगन पिता स्व. सुरेश देवांगन को पुलिस हिरासत में लेकर कड़ाई से पुछताछ करने पर उसने अलग अलग दिनांक घटना समय को अपने साथी हैदर अली पिता सैयद अली उम्र 21 साल निवासी भाटापारा चारामा, उपेन्द्र देवांगन पिता राजूराम देवागन उम्र 22 साल निवासी अटल चौक दरगहन, श्रवण सोनकर पिता मोहन सोनकर उम्र 29 साल निवासी दरगहन, लक्ष्मीनारायण देवागन पिता मनीराम देवागन उम्र 35 साल निवासी दरगहन के साथ चोरी करना कबूल किया। चोर ने बताया कि दरगाहन के अलावा बड़ेगौरी, लखनपुरी व जिले के अन्य थाना क्षेत्र नरहरपुर के ग्राम देवगांव, मुरूमतरा, चौकी हल्बा क्षेत्र के ग्राम टांहकापार व अन्य ग्राम में सोना चांदी के जेवर व नगदी रकम को चोरी करना कबूल करने पर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

> ■ चोरी में प्रयुक्त 2 मोटर सायकिल जब्त




सूत्रों की मानें तो उक्त चोरो ने इन सभी स्थानों से लगभग 50 लाख से अधिक के जेवरात और लाखों की नगदी की चोरी किया था। पुलिस इनसे केवल अभी तक 8 लाख के जेवरात और 6500 रूपएं नगदी ही जप्त कर पाई है। यह भी चर्चा है कि चोरों ने जेवरात की बिक्री जिस व्यवसायी के पास किया था, पुलिस ने उनको बुलाकर पूछताछ किया है, परंतु उनको आरोपी नहीं बनाया गया है । यह चर्चा चारामा में बनी हुई है और बहुत जल्द इसमें एक बड़ा खुलासा हो सकता है कि इसमें किस किस व्यापारी को बचाया गया।

# बाजार शेड निर्माण में गड़बड़ी का आरोप

## डीएमएफटी से स्वीकृत हुए हैं 37 लाख रुपए




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बकावंड

विकासखंड बकावंड की ग्राम पंचायत मूली में डीएमएफटी मद से बाजार शेड निर्माण के लिए राशि उपलब्ध कराई गई है। बकावड ब्लॉक मुख्यालय से 7 किलोमीटर दूर ग्राम मूली में बाजार शेड निर्माण के लिए जिला खनिज निधि न्यास से दो किश्तों में कुल 37 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। निर्माण की गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। सरपंच और सचिव ने स्थानीय मजदूरों और राजमिस्त्रियों को सीधे काम न देकर पूरे निर्माण की जिम्मेदारी एक ठेकेदार को दे रखी है। ठेकेदार भी स्थानीय मजदूरों को काम पर नहीं रख रहा है। जो मजदूर लगाए गए, उन्हें भी कम मजदूरी दिए जाने की शिकायत ग्रामवासियों ने की है। ग्रामीणों का कहना है कि घटिया सामग्री का उपयोग किए जाने से शेड ज्यादा दिनों तक टिक नहीं पाएगा। शेड के कुछ ही दिनों में क्षतिग्रस्त होकर गिर जाने की संभावना है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि मूली के सरपंच सचिव ठेकेदार के माध्यम से काम करा रहे हैं। ठेकेदार टेंडर लेकर बाजार शेड 1 वर्ष से अधूरा छोड़ दिया है। प्लेटफार्म में व नीचे ग्राहकों के चलने के लिए छोड़ी गई जगह पर मुरूम की जगह मिट्टी डाल दी गई है। इस विषय पर ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के अधिकारी का कहना है कि बाजार शेड के प्लेटफार्म में मुरूम की जगह में मिट्टी डाली गई है, तो उसे खाली करा दिया जाएगा आगे का पेमेंट रोक दिया जाएगा।

**कराएंगे जांच**

बाजार शेड का निर्माण अगर गुणवत्ता पूर्ण ढंग से नहीं कराया जा रहा है, तो जांच कराएंगे और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

-एसएस मंडावी,
सीईओ, जनपद पंचायत बकावंड

## खबर संक्षेप

### शिक्षक से उपहार पाकर बच्चों के चेहरे में आई मुस्कान



भानपुरी। बस्तर विकासखंड के प्राथमिक शाला राजपुर में बाल दिवस के शुभ अवसर पर शाला में पदस्थ शिक्षक नवरीन खान के द्वारा कक्षा पहली से पांचवीं तक के 63 बच्चों को नए जूते प्रदान कर विशेष उपहार प्रदान किया। बच्चे बाल दिवस के अपने इस उपहार को पाकर खुशी से झूम उठे। शाला में बच्चों एवं पंडित जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा का पूजा अर्चन कर बच्चों को बाल दिवस क्यों मनाए जाने का कारण और भारत देश के बढ़ते बच्चों को प्रेरित किया। शिक्षक नवरीन खान के इस पुरस्कार को शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जयराम भारती, प्रधान अध्यापक मनमोहन पैकरा एवं जड़गी भारती के हाथों से प्रदाय किया गया।

### भगत सिंह स्कूल में बाल दिवस मनाया गया



जगदलपुर। हायर सेकेण्डरी भगत सिंह में शाला विकास समिति की बैठक 14 नवम्बर को सह बाल दिवस का आयोजन उल्लास प्रचार्य विनीता बेंजामीन के निर्देशन में किया गया। सर्व प्रथम नेहरू के तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। नेहरू के जीवन पर आधारित कविता, भाषण नाटक किया गया एवम शालेय, एजेंडा पर बिंदु वार शाला विकास समिति की बैठक में विस्तार से चर्चा कर उन सब बिन्दुओ को शत प्रतिशत शाला में लागु करने पर सर्व सम्मिति से सहमति बनी।

### निधन

**लीलावती स्वर्णकार**

जगदलपुर। वरिष्ठ कांग्रेसी मिथिलेश स्वर्णकार एवं अखिलेश स्वर्णकार की माता लीलावती स्वर्णकार(87) का 16 नवंबर को सुबह 11 बजे निधन हो गया। शाम 4:30 बजे मिताली चौक स्थित निवास से मुक्तिधाम के लिए अंतिम यात्रा निकली। अंतिम यात्रा में समाज के लोग व शहरवासी तथा कांग्रेसजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## एनएसएल संयंत्र में ओएचई और एसएसपी का विद्युतीकरण डीआरएम के हाथों सम्पन्न

नगरनार। नगरनार में एनएमडीसी स्टील लिमिटेड की रेलवे साइडिंग के ओएचई और एसएसपी का 25 केवी एसी पावर सप्लाई से विद्युतीकरण को सौरभ प्रसाद, डीआरएम, वाल्टेयर डिवीजन, ईसीओआर द्वारा के प्रवीण कुमार, कार्यकारी निदेशक और प्रमुख, एनएमडीसी स्टील प्लांट, नगरनार की उपस्थिति में किया गया। नगरनार में एनएसएल का एकीकृत इस्पात संयंत्र कच्चे माल की आवक और इसके उत्पाद - हॉट रोल्ड कॉइल की बाहरी आवाजाही के लिए रेलवे पर अधिक निर्भर करता है। संयंत्र के अंदर लोकोमोटिव विद्युतीकरण के अभाव में वर्तमान में अमागुडा जंक्शन बिंदु पर रेलवे से एनएसएल तक स्विच ओवर करना पड़ता है, जिसके परिणामस्वरूप विलंब शुल्क बढ़ता है। अमागुडा से संयंत्र परिसर के अंदर विद्युतीकरण से रेलवे रेक अब सीधे संयंत्र के अंदर आ सकेंगे जिससे रेलवे वैगनों के लिए टर्नअराउंड समय में बहुत कमी आएगी। परिचालन को आसान बनाने के अलावा, इससे विलंब शुल्क लागत में भी काफी कमी आएगी, क्योंकि विलंब शुल्क के लिए शून्य समय की गणना तभी शुरू होगी जब रेक स्टील प्लांट के अंदर पहुंचेगी।

## एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन



गीदम। एजुकेशन सिटी जावंगा स्थित एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक दंतेवाड़ा में जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा प्रायोजित एक दिवसीय स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तीन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। मुख्य अतिथि किशन मिश्रा तहसीलदार गीदम थे। संस्थान के प्राचार्य डॉ. मुकेश ठाकुर ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और कार्यक्रम की शुरुआत की। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि किशन मिश्रा ने विद्यार्थियों से कहा कि वे चुनाव में भाग लें और आसपास के लोगों को भी प्रेरित करें। उन्होंने सभी को इस आयोजन के मुख्य विषय के बारे में भी बताया जो कि नए मतदाताओं को मतदाता सूची में नामांकित करना और मतदाता सूची में सुधार करना था जिससे कि सभी पात्र मतदाता आगामी चुनावों में मतदान कर सकें। इसी क्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बड़े हर्ष के साथ भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया। प्रतियोगिता के प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार विजेताओं को शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। रंगोली में पार्वती बघेल इलेक्ट्रिकल ब्रांच, चित्रकला में दशरथ मैकेनिकल ब्रांच एवं निबंध में पूनम कुमारी इलेक्ट्रिकल ब्रांच प्रथम स्थान पर रहे। कार्यक्रम में सभी व्याख्याता और कर्मचारी उपस्थित रहे और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

## विद्यार्थियों ने भाषण व गीत प्रस्तुत किया



जगदलपुर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडगुड़ में बाल दिवस का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भाषण, गीत प्रस्तुत किया। एसएमडीसी की बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें पालकों से चर्चा की गई एवं विद्यालय के व्याख्याताओं से भी चर्चा की गई। बाल दिवस के कार्यक्रम में संस्था प्रमुख प्राचार्य भावना बस्तियां मैडम,वरिष्ठ व्याख्याता नीरज दास, वरिष्ठ व्याख्याता केदारनाथ शर्मा, उपेंद्र कुमार अग्निहोत्री, व्याख्याता माया मिश्रा, कुमारी लक्ष्मी यादव, व्याख्याता अंकित पाल, नीतू बारला, संजय कुमार पांडे,ज्योति साहू, नीरज मिश्रा एवं समस्त कार्यालय स्टाफ मौजूद थे।

## बिरसा मुंडा के संघर्षमय जीवन को समाज प्रमुखों ने किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर



भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती हल्बा सामाजिक भवन में शुक्रवार को मनाया गया। इस अवसर पर रुढ़ि जन्य परम्परागत सर्व आदिवासी समाज के प्रमुखों ने भगवान बिरसा मुंडा के चलचित्र पर माल्यापर्ण कर उनके संघर्ष जीवन को याद किया गया। इस अवसर पर रूढि जन्य परम्परागत सर्व आदिवासी समाज प्रमुखों ने संवैधानिक रुढ़ि जन्य परम्परागत पंचायत उपबंध, पेशा कानून, वनाधिकार कार्यशाला की जानकारी दी गई। जिले में निवासरत सभी समाज प्रमुखों को 23 नवंबर को होने वाले जिला स्तरीय पेशा कानून, वनाधिकार कार्यशाला में प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक लोगों को सम्मिलित करने जिम्मेदारी भी दी गई। वहीं सांस्कृतिक मैदान में आयोजित गौरव दिवस कार्यक्रम में रुढ़ि जन्य परम्परागत सर्व आदिवासी समाज के समाज प्रमुखों ने बस्तर सांसद महेश कश्यप से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान समाज प्रमुखों ने सामाजिक ,सांस्कृतिक संवैधानिक चर्चा कर दोरला एवं भतरा भवन में आवश्यक निमार्ण कार्यों की मांग किया गया।वहीं सांसद कश्यप ने अविलंब पूर्ण करने आश्वस्त किया है।इस दौरान सर्व आदिवासी समाज जिलाध्यक्ष अशोक तलांडी, दोरला समाज संभागीय अध्यक्ष अनील बुरका, हल्बा समाज प्रमुख एवं ब्लाक अध्यक्ष गुज्जाराम पवार, परधान समाज प्रांतीय युवा अध्यक्ष राकेश गिरी, अध्यक्ष दोरला समाज जिलाध्यक्ष ककेम नारायण ,सर्व आदिवासी समाज संरक्षक बी एस नागेश,भतरा समाज जिलाध्यक्ष दशरथ कश्यप, युवा अध्यक्ष शेखर अंगमपल्ली, समाज प्रमुख पददम देवेन्द्र,अर्जुन गोटे,मोडियम गणपत, महेश धुर्वा के अलावा समाज के लोग मौजूद थे।

## कोहंगापाल को नशामुक्त और पॉलीथिन मुक्त बनाने में जुटे यंगस्टर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बकावंड




- हायर सेकंडरी स्कूल करीतगांव की रासयो इकाई ने लगाया कैंप

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करीतगांव की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा बकावंड विकासखंड की ग्राम पंचायत कोहंगापाल में सात दिवसीय एनएसएस कैंप आयोजित किया गया है। एनएसएस के स्वयं सेवक गांव में जन जागरूकता अभियान चलाने के साथ ही सार्वजनिक स्थानों की साफ सफाई भी कर रहे हैं। गांव में सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन किया जा रहा है।

राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े स्कूल की 11वीं और 12वीं कक्षा के छात्र छात्राओं ने ग्राम पंचायत कोहंगापाल की गली मोहल्लों, सड़कों, पंचायत, स्कूल व मंदिर परिसर की साफ सफाई में श्रमदान कर योगदान दिया। छात्र-छात्राओं ने गांव को पॉलिथीन मुक्त और नशा मुक्ति बनाने के लिए भी अभियान चलाकर ग्रामीणों को जागरूक कर रहे हैं। युवा एनएसएस के माध्यम से सामुदायिक सेवा और राष्ट्र की सेवा करने का विकल्प चुनते हैं, एनएसएस बैज को गर्व के साथ पहनते हैं और जरूरतमंदों की मदद करने की जिम्मेदारी की भावना रखते हैं। एनएसएस के बैज में 8 बार वाला कोणार्क मंदिर के रथ का पहिया दिन के 24 घंटों को दर्शाता है, जो धारण करने वाले को चौबीसों घंटे राष्ट्र की सेवा के लिए तैयार रहने की याद दिलाता है। बैज में लाल रंग स्वयंसेवकों में स्फूर्ति ऊर्जा और सेवा भावना को दर्शाता है। नीला रंग ब्रह्मांड को दर्शाता है जिसका एनएसएस एक छोटा सा हिस्सा है, जो मानव जाति के कल्याण के लिए अपना योगदान देने के लिए तत्पर है। कार्यक्रम अधिकारी मोहम्मद अकबर खान से चर्चा करने पर उन्होंने कहा कि जनता को जागरूक करने के लिए स्वच्छता, नशामुक्ति और पॉलीथिन मुक्ति की शुरूआत पहले अपने घर से, गली से, मोहल्ले से, अपने कार्यालय से, अपने गांवों से करने की प्रेरणा एनएसएस के युवा लोगों को दे रहे हैं। श्री खान ने बताया कि नेहरू युवा केंद्र खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में चल रहे क्लीन इंडिया पालिथीन मुक्त कार्यक्रम के तहत गांव में पालिथीन मुक्त अभियान चलाया गया।

## तमिलनाडु के मोहनूर तालुका से बंधक मजदूर छुड़ाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

तमिलनाडु राज्य के मोहनूर तालुका स्थिति फ्लाई ऐश ईंट औद्योगिक प्रतिष्ठान रसिपलायम, जिले के दो किशोरी बंधक मजदूरों छुड़ा लिए गए है। जिला प्रशासन द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार इस संबंध में एफआईआर पंजीकरण की प्रक्रिया चल रही है। साथ ही तात्कालिक राहत सहायता के रूप इन किशोरियों की इंडियन बैंक मोहनूर दो बैंक खातें भी खोले गए है। इसके अलावा आरडीओ एनकेएल फंड से रिलीज सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ। जिने इन बंधक मजदूरों को सौंप दिया गया है। ज्ञात हो कि इन बंधक मजदूरों के संबंध में मिली शिकायत के अनुसार इन छुड़ाने के संबंध में जिला प्रशासन द्वारा नमक्कल जिले के कलेक्टर से संपर्क किया गया और उनके माध्यम से उपरोक्त कार्यवाही की गयी। इस प्रकार इन बंधक मजदूरों को मुक्त कराने के साथ ही उन्हें लाने की कार्यवाही की जा रही है। ज्ञात हो कि शैलू कुंजाम पिता गोपी कुंजाम उम्र 19 पता निवासी छोटेहड़मामुण्डा मुख्यापारा तहसील-कुआकोंडा के द्वारा आवेदन पेश कर, जिला-नाम्मकक्ल तमिलनाडु में कु. सपना कुंजाम पिता गोपी कुंजाम उम्र 17 एवं कु. सुनिता पोडियाम पिता सन्नू पोडियाम उम्र 19 को बंधक बनाये जाने संबंधी शिकायत की गयी थी।






## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर



एकीकृत महिला बाल विकास परियोजना बस्तर के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत उपाध्यक्ष शालीना सेमसन व अध्यक्षता परियोजना अधिकारी सुश्री ज्योति मथरानी की उपस्थिति में हुआ।

परियोजना बस्तर के अंतर्गत 15 सेक्टर के एक-एक कार्यकर्ता व सहायिकाओं को उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रमाण पत्र देकर जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के द्वारा सम्मानित किया गया। यह प्रमाण पत्र आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका को उनके द्वारा अच्छे कार्य व बेहतर कार्य शैली व उपलब्धि के लिए दिया गया । ब्लॉक मुख्यालय बस्तर के सद्भावना भवन में 14 नवंबर को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका दिवस के अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका व सुपरवाइजर ने विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में व्यंजन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। मुंडागांव सेक्टर की एक कार्यकर्ता व सहायिका को जिला स्तर पर स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में 15 सेक्टर के सुपरवाईजरो की महत्वपूर्ण योगदान रहा कार्यक्रम में सुपर वाईजरों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ विभागीय योजनाओं को साझा किया। इस दौरान प्रवेक्षक सुधा श्रीवास्तव, सावित्री बघेल, माया यादव, बुदयारीन भारती,विधा ठाकुर, रामेश्वरी साहू, राजवंती साईंमन, सुनीता रामटेके, अनुका चंद्रवंशी, धनेश्वरी नाग, नीतू यादव, गायत्री साहू,के द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे थे।

बस्तर परियोजना से आँगनबाड़ी कार्यकर्त्ता ममता राठौर, जयंती देहारी, उषा बघेल, सत्या तिवारी, सुखी यादव, रामवती ठाकुर, जमुना तिवारी, रामदेई बघेल, गोमिता नायक, गंगोत्री पांडे, सरिता तिवारी, यमुना ठाकुर, लीला बघेल, सुनीता सेठिया, सोमारी को सम्मानित किया गया। इस दौरान पार्षद अंकित पारख, किरण सेठिया, रमेश नेताम मौजूद रहे।

## नक्सलगढ़ में पूर्व सांसद प्रतिनिधि का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर



शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं को सुदूर अंचल के आम गरीबों तक पहुंचाने को लेकर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने कमर कस ली है। भाजपा नेता पूर्व सांसद प्रतिनिधि श्रीनिवास रेड्डी अतिसंवेदनशील क्षेत्र के ग्रामों का सघन दौरा किया।

इस दौरान ग्रामीणों ने भाजपा नेता को अपनी समस्या से अवगत कराया। बुधवार को भाजपा नेता और पूर्व सांसद प्रतिनिधि श्रीनिवास रेड्डी ने उसूर ब्लाक के सूदूर अंचल व अतिसंवेदनशील क्षेत्र का तूफानी दौरा किया। जहां कार्यकर्ताओं ने उनका जोशीला स्वागत किया। भाजपा नेता रेड्डी ने बताया कि शासन की महत्वाकांक्षी योजना जैसे नल जल, सडक, बिजली की समस्या से लोग आज भी जूझते रहे है। ग्राम पंचायतों में सरपंच सचिवों पर किसी प्रकार का लगाम नहीं है।

इस पर प्रशासन के अधिकारी गम्भीरता से ले। भाजपा नेता और पूर्व सांसद श्रीनिवास रेड्डी ने बताया कि पिछले दो दशक के बाद अतिसंवेदनशील क्षेत्र और सूदूर अंचल उसूर ब्लाक के ग्राम उसूर, लिंगागिरी और मुरदंडा के ग्रामीणों के बीच पहुंच कर उनकी समस्या सुनी। श्रीनिवास रेड्डी ने बताया कि केन्द्र की मोदी सरकार गरीबों की सरकार है पीएम योजना के तहत आज सूदूर अंचल के गरीबो को आशियाना मिल रहा है। क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास के तहत मकान बन रहे है। उन्होने बताया कि कांग्रेस की भूपेश सरकार ने पिछले पांच वर्ष पीएम आवास योजना को बंद रखा था, अब पूरे क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास बन रहे है। आज प्रदेश में सूर्यादय हो चुका है यहां माता और बहनो के लिए महतारी वंदना योजना का लाभ मिल रहा है। माता और बहनों को प्रतिमाह 1000 रूपये देने का काम विष्णुदेव साय सरकार कर रही है।

## जामगुड़ा प्राथमिक शाला में धूमधाम से मना बाल दिवस

जगदलपुर। बस्तर विकासखंड के संकुल केन्द्र पिपलावंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला जामगुड़ा में 14 नवंबर को बाल दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिससे पूरे वातावरण में उल्लास और उत्साह का संचार हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधान अध्यापक गिरिज राज जुरेशिया द्वारा बच्चों को जवाहरलाल नेहरू के जीवन और उनके योगदान के बारे में जानकारी देकर की गई। उन्होंने बताया कि बच्चों के विकास और उनकी शिक्षा पर हमेशा ध्यान देना चाहिए, ताकि वे एक सफल और जिम्मेदार नागरिक बन सकें। कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिसमें कविता पाठ, निबंध लेखन और खेलकूद शामिल रहे। शाला के सहायक शिक्षिका उपासना देवांगन शामिल रही।












विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### शिक्षकों के प्रमोशन में लोचा 21 को प्रदर्शन की चेतावनी

**दुर्गुकोंदल।** जिला स्तर पर सहायक शिक्षक से प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नति में हो रही लेट लतीफी के कारण सहायक शिक्षकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। 20 नवंबर तक पदोन्नति आदेश सूची जारी नहीं किए जाने पर सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फाउंडेशन द्वारा 21 नवंबर को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दिया है।

### 1600 मीटर दौड़ के विजेता हुए पुरस्कृत



**कांकेर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्यों द्वारा अग्नि वीर सेना भर्ती, पुलिस भर्ती, रक्षा क्षेत्र में जाने योग्य बालक बालिकाओं का 1600 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। आयोजित दौड़ में बालिका वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय और बालक वर्ग में प्रथम, द्वितीय और तृतीय आए प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। आयोजित कार्यक्रम में जिला पूर्व सैनिकों के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

### इंटर स्कूल फुटबाल स्पर्धा में 16 टीमों ने लिया भाग

**जगदलपुर।** क्राइस्ट कॉलेज द्वारा दो दिवसीय इंटर स्कूल फुटबाल टूर्नामेंट 16 नवम्बर को कॉलेज प्रबंधक द्वारा आयोजित किया गया है। प्रतियोगिता में संभाग भर से 16 टीम ने भाग लिया। प्रथम मैच भानुप्रतापुर सेंट जोसेफ स्कूल विरुद्ध विद्या ज्योति स्कूल द्वारा खेला गया जिसमें भानुप्रतापपुर विजय हुई। आज 8 मैच खेला गया।

## खेलकूद : विजयी खिलाड़ियों का मेडल, मोमेंटों और प्रमाण पत्रों से किया सम्मान

# चार दिनी बस्तर ओलंपिक के समापन पर नशामुक्त भारत का दिलाया गया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

विकासखण्ड स्तरीय बस्तर ओलंपिक 2024 विकासखण्ड का चार दिवसीय 12 से 15 नवंबर तक गोविन्दपुर के खेल मैदान में आयोजित प्रतियोगिता का समापन विधायक आशाराम नेताम के मुख्य आतिथ्यि में किया गया। विधायक द्वारा सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को खेल के माध्यम से विकासखण्ड, जिला एवं राज्य का नाम रोशन के लिए शुभकामनाएं दिया। इसके साथ नाशामुक्त भारत की कल्पना की गई। अतिथियों के द्वारा सभी खिलाड़ियों की उज्जवल भविष्य की कामना की गई एवं विजेता खिलाड़ियों को मेडल, मोमेन्टो एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।



चार दिवसीय बस्तर ओलंपिक खेल 2024 में जूनियर वर्ग बालक 100 मीटर प्रथम युवराज, द्वितीय तरूण, तृतीय सत्यम यादव, बालिका प्रथम अंजली यादव, द्वितीय अंजु सलाम, तृतीय नमिता सेन, बालक 200 मीटर प्रथम दिनेश यादव, द्वितीय साहिल, तृतीय करण मंडावी, बालिका प्रथम करीना, द्वितीय श्वेता, तृतीय दीश्रा नेताम, बालक 400 मीटर प्रथम अविनाश यादव, द्वितीय पीयुष, तृतीय अनित मरकाम, बालिका प्रथम आरती, द्वितीय उमेश्वरी, तृतीय चंचल, बालक 100 रिलेरेस प्रथम धनेलीकन्हार, द्वितीय शाउमावि इच्छापुर, तृतीय शाउमावि पीढापाल, बालिका प्रथम कन्या क्रीड़ा परिसर कांकेर, द्वितीय शाउमावि नरहरदेव, तृतीय शाउमावि इच्छापुर, गोलाफेक बालक प्रथम रूपेश नेताम, द्वितीय जगदेव कोर्राम, तृतीय रामकुमार, बालिका प्रथम पूर्वी नेताम, द्वितीय कविता नेताम, तृतीय सुष्मीता कोमरा, तावाफेक बालक प्रथम रूपेश नेताम, द्वितीय कोमल कुंजाम, तृतीय सत्यम यादव, बालिका प्रथम कविता नेताम, द्वितीय विश्वाषा हिचामी, भालाफेक बालक प्रथम साहिल, द्वितीय ओमप्रकाश तेता, तृतीय रोहन, बालिका प्रथम वन्दना मंडावी, द्वितीय ईश्वरी उइके, ऊंची कूद बालक प्रथम शैलेष, द्वितीय रविन्द्र, तृतीय राम कुमार नाग, बालिका प्रथम टीना कुंजाम, द्वितीय अंजु सलाम, तृतीय रवीना, लंबी कूद बालक प्रथम सत्यम यादव, द्वितीय यमन नेताम, तृतीय युवराज भुआर्य, बालिका प्रथम ललिता कुमेटी, द्वितीय सुष्मीता कोमरा, तृतीय उमेश्वरी, बालीबॉल बालक प्रथम गोविन्दपुर, द्वितीय पोटगांव, तृतीय बागोडार, बालिका प्रथम कन्या उमावि कांकेर, द्वितीय उमावि इच्छापुर, कब्बड्डी बालक प्रथम कन्हारपुरी, द्वितीय सुरेली, तृतीय इच्छापुर, बालिका प्रथम कन्या क्रिडा परिसर कांकेर, द्वितीय नाथियानवागांव, तृतीय कोकपुर बी, खो-खो बालक प्रथम खेलो इंडिया सेन्टर, द्वितीय नरहरदेव कांकेर, तृतीय नाथियानवागांव, बालिका प्रथम कन्या क्रीडा परिसर कांकेर, द्वितीय कन्या आश्राम सिंगारभाट, तृतीय नाथियानवागांव, फूटबॉल बालक प्रथम जेपीएस कांकेर, द्वितीय नरहरदेव कांकेर, बेडमिन्टन बालक प्रथम आयुष कोर्राम, द्वितीय तोरियम साहू, तृतीय प्रयंक गंजीर, बालिका प्रथम प्रियंका ध्रुव, द्वितीय मेघा वट्टी, तृतीय महीमा कोड़ोपी, करांटे बालिका प्रथम तानिया मरकाम, द्वितीय भव्या, तृतीय योग्यता रही।

सीनयर वर्ग बालक 100 मीटर प्रथम महात्मा, द्वितीय मनीष कुमार, तृतीय रवी कुमार, बालिका प्रथम जानकी पोया, द्वितीय गरिना गोटा, बालक 200 मीटर प्रथम मनीष कुमार गढपिछवाड़ी, द्वितीय मनीष कुमार, तृतीय प्रहलाद कडियाम, बालक 400 मीटर प्रथम भुनेश्वर राम, द्वितीय प्रकाश मंडावी, तृतीय प्रांजल सिंहा, बालिका प्रथम जयंती मंडावी, बालक 100×4 रिलेरेस प्रथम कोकपुर, द्वितीय पोटगांव, तृतीय पीएमटी हॉस्टल, बालिका प्रथम कांकेर बी, द्वितीय पटौद, तृतीय कोदागांव, गोलाफेक बालक प्रथम प्रवीण भास्कर, द्वितीय जितेन्द्र आचला, तृतीय पुष्पेश कुमार साहू, बालिका प्रथम साक्षी, द्वितीय दुर्गेश्वरी कावड़े, तृतीय सविता, तावाफेक बालक प्रथम रवी कावड़े, द्वितीय रामेश्वर कुमार, बालिका प्रथम दिपीका, भालाफेक बालक प्रथम रामेश्वर पोटाई, ऊंची कूद बालक प्रथम देशबन्धु मरकाम, द्वितीय-दिनेश कोर्राम, तृतीय मोनेश्वर पिद्दा, बालिका प्रथम जानकी पोया, द्वितीय निधि यादव, तृतीय ज्योति कोरेटी, लंबी कूद बालक प्रथम करण ठाकुर, द्वितीय दिनेश कोर्राम, तृतीय विजय सलाम, बालिका प्रथम मोनिक नेताम, बालीबॉल बालक प्रथम अलाबेड़ ए, द्वितीय आलबेड़ा बी, तृतीय पीएमटी हॉस्टक बालिका प्रथम पीजी कॉलेज कांकेर, कब्बड्डी बालक प्रथम माकड़ी खूना, द्वितीय धनेलीकन्हार, तृतीय आलबेड़ा, बालिका प्रथम कांकर बी, द्वितीय कांकेर ए, तृतीय कोदागांव, खो-खो बालक प्रथम पीएमटी हॉस्टल कांकेर, बालिका प्रथम कन्या क्रीड़ा परिसर कांकेर, फूटबॉल बालक प्रथम अर्जुनी, द्वितीय कांकेर एफसी, तृतीय सिदेसर, बेडमिन्टन बालक प्रथम महेन्द्र प्रताप उइके, द्वितीय शिवम झरिया, तृतीय अनुभव नाग, बालिका प्रथम निकहत बेगम, द्वितीय नीलम नाग, तृतीय हेमलता दर्रो, करांटा बालक प्रथम शनि ठाकुर, राकेश साहू, बालिका प्रथम महिमा कोड़ोपी, चंचल वर्मा रही।


### उपस्थित रहे

इस अवसर पर बस्तर ओलंपिक 2024 की प्रतियोगिता में जिला पंचायत उपाध्यक्ष हेमनारायण गजबल्ला, जनपद अध्यक्ष रामचरण कोर्राम, शलिनी राजपूत, सतरूपा कांगे, नंदलाल कुजांम, डोमेन्द्र सिंह ठाकुर, अरूण कौशिक, देवेन्द्र भाऊ, आरती पाण्डे, संजय जैन, जनपद पंचायत सीईओ अश्विनी कुमार यादव, गुपेन्द्र तेता, चिन्ताराम यादव, अरूण नायक, संजय पटेल, गुलचन्द पटेल, मुकेश नाग, मुन्नालाल यादू, हेमन्त नागे, राजकुमार सलाम, सरस्वती निषाद, गायत्री नाग, समस्त व्यायाम शिक्षक एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## ट्रेलर की ठोकर से बाइक सवार घायल चालक पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

गोण्डाहूर थानांतर्गत पीव्ही 53 निवासी युवक को ट्रेलर वाहन के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक बाईक में सवार होकर पखांजुर की ओर जा रहा था, तभी हादसा हो गया। हादसे की जानकारी मिलते ही युवक का पिता मौके पर पहुंचा और घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। पीव्ही 53 आनंदनगर निवासी महानंद सरकार पिता स्व. शिवपद सरकार ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूँ और 16 नवंबर को मेरे परिवार के सदस्य को गोण्डाहुर बैगा के पास ईलाज कराने के लिए ले गया था। उसी समय मेरे घर से मेरी छोटी बेटी शालू का फोन आया। बेटी ने बताया कि मेरा छोटा भाई चिरंजीत मोटर सायकल से पखांजुर तरफ जा रहा था। ट्रेलर वाहन की टक्कर से भाई को चोट आया है। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचा, तब देखा तो मेरे बेटे के सिर व नाक मे चोंट लगा था, वहाँ पर मौजूद लोगो की मदद से घायल बेटे को पखांजुर के अस्पताल में ले गया। चोट गंभीर होने के कारण वहां के चिकित्सक ने घायल को हायर सेंटर ले जाने की सलाह दिया। मैं घायल को रायपुर के अस्पताल में भर्ती किया। मेरे बेटे को ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 3792 के चालक ने अपनी वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया है, जिससे बेटे को काफी चोट आई है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



### शाला के बच्चों को मिला लेखन सामग्री

जगदलपुर। बाल दिवस के उपलक्ष्य में रोटरी क्लब एवं रोट्रेक्ट क्लब जगदलपुर द्वारा शासकीय उच्च प्राथमिक शाला घाटपदमुर में शाला के बच्चों को लेखन सामग्री जैसे कॉपी, पेंसिल, रबर, ड्राइंग बुक, क्रेयॉन्स, शार्पनर इत्यादि बाटा गया।

## मिशन प्रहार शिविर में महिलाओं को प्रशिक्षण



**भानुप्रतापपुर।** यूथ क्लब भानुप्रतापपुर द्वारा आयोजित छात्राओं एवं महिलाओ के लिए 4 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आरंभ नगर की प्रतिष्ठित समाज सेवी राजिंदर रंधावा एवं यूथ क्लब के अध्यक्ष डिकेश साहू द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। आयोजित आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर के पहले दिन ही कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राएं एवं महिलाएं उपस्थित हुई, जिनको प्रारंभिक तौर पर आत्मरक्षा के प्रशिक्षक राजा दुबे द्वारा आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए एवं गुड टच, बेड टच के विषय में भी बताया गया। यूथ क्लब के अध्यक्ष डिकेश साहू ने बताया कि यह आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर 16 से 19 नवंबर 4 दिनों तक सुबह 6 बजे से 7:30 बजे तक हाई स्कूल मैदान में चलना है और छात्राएं एवं महिलाओ से बड़ी संख्या में उपस्थित होने आग्रह किया गया है। कार्यक्रम में यूथ क्लब भानुप्रतापपुर के हिमांशु ठाकुर, प्रेम शर्मा, विवेक डड़सेना, कनक सिंह राजपूत, हिमांशु, सुमित साहू, वेद सिन्हा, गौरव श्रीवास्तव, सुमित राउत आदि यूथ क्लब भानुप्रतापपुर के सदस्य उपस्थित रहे।

## शालेय शिक्षक संघ के दीपावली मिलन समारोह में अटभैया बने जिलाध्यक्ष



**कांकेर।** शालेय शिक्षक संघ जिला कांकेर का दीपावली मिलन समारोह भेंट मुलाकात एवं संगठनात्मक चर्चा साहू सदन कांकेर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छग प्रदेश अध्यक्ष शालेय शिक्षक संघ वीरेन्द्र दुब ने कहा कि अभी तक हमने जो भी प्राप्त किया है वह सब संघर्ष के बदौलत ही प्राप्त किया है और आगे भी पूर्व सेवा गणना मिशन के तहत प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए, क्रमोन्नति, पदोन्नति तथा ओपीएस का लाभ देने, सहायक शिक्षको की वेतन विसंगति दूर करते हुए 1.86 के गुणांक में वेतन निर्धारण करने सहित हमारी पांच सूत्रीय मांगों के लिए चरणबद्ध आंदोलन जारी है।

आयोजित कार्यक्रम में संगठनात्मक चर्चा के साथ पूर्व जिलाध्यक्ष के निधन से रिक्त हुए पद पर सर्व सम्मति से नन्द कुमार अटभैया को जिलाध्यक्ष निर्विरोध चुना गया। इसी प्रकार से जिला सचिव के पद पर कमलेश निषाद को भी निर्विरोध चुना गया। भानुप्रतापपुर में संगठन का विस्तार करते हुए अशोक मरकाम को सर्वसम्मति से प्रांताध्यक्ष के द्वारा ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया गया, जिसकी घोषणा स्वयं वीरेन्द्र दुबे ने की, जिसका समर्थन उपस्थित शिक्षकों के द्वारा ताली बजाकर किया गया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष नन्द कुमार अटभैया ने कहा कि संगठन और शिक्षकों के द्वारा जो दायित्व दिया गया है उसका पूर्ण रूप से निर्वहन करने का प्रयास करुंगा तथा संगठन के अंतिम शिक्षक की समस्या के लिये संघर्ष करूंगा। कार्यक्रम में भारी संख्या में बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षक भी मौजूद रहे, जिनकी समस्याओं के निराकरण के लिए संगठन के द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं तथा उन्हें पूर्ण रुप से आस्वस्त किया गया कि उनका अहित नही होने दिया जाएगा। शालेय शिक्षक संघ हमेशा उनके साथ है और सभी बीएड धारी सहायक शिक्षकों ने शालेय शिक्षक संघ पर विश्वास जताया है। इस अवसर प्रान्तीय प्रवक्ता जितेन्द्र शर्मा, प्रांतीय संगठन सचिव राजेश शर्मा, प्रांतीय पदाधिकारी कृष्णराज पाण्डेय, घनश्याम पटेल, संयोजक रवि मिश्रा, गिरीश सिंह, विवेक राय, अमित राठौर, रंजीत कर, लक्ष्मीकांत साहू,संगीता मजुमदार, अंगद चक्रधारी, सतीश साहू, कुमार मंडावी, देवलाल सेन, गणेश दास, राखी वट्टी, दुर्गा नेताम, गुप्तेश सलाम, मनोहर सलाम, दिलीप साक्षी, सुखराम कुंजाम, जितेन्द्र अवस्थी, नितेश सुरोजिया, गोपी मरकाम, कौशल मंडावी, बसंत साहू, चुम्मन साहू, गैदुराम साहू, नारद कुंजाम, सतीश भास्कर, राजेन्द जैन, नरेश बनपेला, लखन साहू, खिलगजानन सारवा, भानु भास्कर, शुभम चंद्राकर, वी स्वर्णा, चारु वर्मा, सागर अवधिया, भावना बसोंन, सौरभ राजपूत, मनीष वर्मा, विनोद डहरिया, बीरेंद्र पटेल आदि बीएड डिग्रीधारी सहायको के साथ भारी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

# सेंट माइकल्स हायर सेकंडरी स्कूल की स्वर्ण जयंती समारोह को सांस्कृतिक कार्यक्रमों से छात्रों ने सजाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

शहार के सेंट माइकल्स हायर सेकेंडरी स्कूल ने स्वर्ण जयंती समारोह को हर्षोल्लास के साथ मनाया। यह दो दिवसीय कार्यक्रम पूर्व छात्रों, विद्यार्थियों, अभिभावकों और गणमान्य व्यक्तियों को एक मंच पर लेकर आया, जिसमें विद्यालय की 50 वर्षों की शानदार यात्रा का उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत 13 नवंबर की सुबह पारंपरिक स्कूल असेंबली से हुई, जिसे पूर्व छात्रों ने संचालित किया। इस अनोखी पहल ने सभी को बीते समय की याद दिलाई, जहां प्रार्थना, घोषणाएं इत्यादि पुराने दिनों की तरह आयोजित किए गए। इसके बाद खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें रस्साकशी, खो-खो और नींबू दौड़ जैसे खेल शामिल थे। इन गतिविधियों ने छात्रों, शिक्षकों और पूर्व छात्रों के बीच दोस्ती और आपसी स्नेह को और मजबूत किया। इस मौके पर 1974 बैच के पूर्व छात्र मनोज सिंह राजपूत ने भावुक शब्दों में स्कूल के प्रति आभार व्यक्त किया और इसकी उपलब्धियों की सराहना किया और शाम को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव और विशेष अतिथि जगदलपुर के कैथोलिक डायसिस के बिशप जोसेफ कोल्लमपरम्बिल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हेमनारायण गजबल्ला, नगर पालिका अध्यक्ष सरोज ठाकुर, जनपद पंचायत अध्यक्ष रामचरण कोर्राम, सरपंच ग्राम पंचायत गोविंदपुर सतरूपा कांगे, डोमेंद्र सिंह ठाकुर और जया बघेल रहें।





### पूर्व छात्रों को सम्मानित किया

इस अवसर पर 1974 बैच के छात्रों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। पूर्व छात्रों की समिति द्वारा स्मृति चिह्न भेंट किए गए और उन्होंने अपने बचपन के दिनों की यादें साझा किया। 14 नवंबर की शाम को आयोजित कार्यक्रम ने समारोह में एक और शानदार अध्याय जोड़ा। इस दिन मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल, विशेष अतिथि के तौर पर बिशप जोसेफ कोल्लमपरम्बिल, कांकेर पैलेस के राजकुमार अश्विनी प्रताप देव, प्राचार्य पं. विष्णु प्रसाद शर्मा शाउमावि आरपीएस ठाकुर, पूर्व मैनेजर, पूर्व प्राचार्य, पूर्व उपप्राचार्य और पूर्व शिक्षकगण उपस्थित रहें। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के पारंपरिक स्वागत से हुई, जिसमें तिलक, आरती, स्कूल बैंड द्वारा स्वागत और दीप प्रज्वलन शामिल थे। इसके बाद प्रार्थना नृत्य और बच्चों द्वारा प्रस्तुत अद्भुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। नर्सरी से कक्षा 11 तक के विद्यार्थियों ने समूह गीत, नाटक और नृत्य जैसी अनेक प्रस्तुति दिया।

### गायन, नृत्य और नाटकों की रही धूम

कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना गीत से हुई, जिसके बाद कक्षा 10 और 12 के छात्रों और पूर्व छात्रों ने गायन, नृत्य और नाटकों से समां बांध दिया। मुख्य अतिथि कहा कि इस स्कूल का गौरवशाली इतिहास रहा है और यह शिक्षा के उच्च मानदंड स्थापित कर रहा है। यहां से नई प्रतिभाएं निखर रही हैं। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि आज का दिन इस विद्यालय से जुड़े सभी लोगों के लिए गर्व का क्षण है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने कहा कि यह सुखद संयोग है कि जब इस विद्यालय ने अपनी रजत जयंती मनाई, तब मेरे दादा सरपंच थे और आज जब यह स्वर्ण जयंती मना रहा है तो मैं जिला पंचायत उपाध्यक्ष हूं। यहां के छात्र दिल्ली विश्वविद्यालय तक अपनी पहचान बना चुके हैं।

### प्लेटिनम और डायमंड जयंती भी मनाएंगे

मुख्य अतिथि ने कहा कि इस विद्यालय ने यहां तक पहुंचने के लिए कठिन परिश्रम किया है। प्रबंधन ने हमेशा शिक्षा विभाग का सहयोग किया है। यह भविष्य में अपनी प्लेटिनम जयंती और डायमंड जयंती भी मनाएगा। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य फादर मनीष एंटनी ने विद्यालय की रिपोर्ट प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्रबंधक फादर प्रवीण थॉमस ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यक्रम का समापन विद्यालय के द्वारा शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। दो दिवसीय स्वर्ण जयंती समारोह ने सेंट माइकल्स हायर सेकेंडरी स्कूल की 50 वर्षों की शानदार यात्रा का उत्सव मनाया। इस आयोजन के लिए न केवल स्थानीय वरन देश के अनेक शहरों से पूर्व छात्र-छात्राओं के साथ पूर्व शिक्षकगण भी आए थे। यह आयोजन विद्यालय की शिक्षा, परंपरा और समाज सेवा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक बना।

### बाल दिवस पर मनमोहक कार्यक्रम की प्रस्तुति

**जगदलपुर।** शासकीय हाई स्कूल केवरामुंडा में शुक्रवार को पं. जवाहर लाल नेहरू जयंती पर बालदिवस कार्यक्रम और शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की बैठक हुई। बच्चों के द्वारा विभिन्न मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिगंबर राव एवं एसएमसी सदस्य शैलेश श्रीवास्तव के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि द्वारा अपने बचपन की सुनहरी यादों को बच्चों के साथ साझा किया। शैलेश ने चाचा नेहरू के छत्तीसगढ़ (भिलाई) एवं ऐतिहासिक बस्तर आगमन पर प्रकाश डाला। शाला के प्राचार्य बीके श्रीवास्तव ने बालदिवस मनाने का उद्देश्य बच्चों को बताया।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग- सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, फोड़ा फुंसी, कील मुहांसे, पिम्पल्स, सूजन, शीला, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर का इलाज
बवासीर - मलद्वार में मस्सा हो जाना, कभी कभी खून निकलना, कांटा चुभने जैसा दर्द, गुदा में जलन एवं खुजली होना का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक साफ न होने का इलाज

## पैराडाइज स्कूल के कॉमर्स व विज्ञान के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**कांकेर।** पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल सीबीएसई के कक्षा 9वीं,10वी, 11वीं एवं 12वीं कॉमर्स, साइंस के छात्र-छात्राओं ने राजधानी रायपुर में शैक्षणिक भ्रमण किया, जिसमें विधानसभा रोड़ पर स्थित गणेश बेकर्स बिस्किट फैक्टरी जहा पारलेजी ग्लूकोज बिस्किट बनने एवं संपूर्ण मार्केटिंग प्रक्रिया का अवलोकन किया और साथ देश के विभिन्न कोनों में इसके की जाने वाली मार्केटिंग प्रोसेस का भी नवीन कुमार सिंह फैक्टरी को ऑर्डिनेटर के द्वारा विजिट कराकर बताया गया। पैराडाइज स्कूल के कक्षा 9वीं,10वीं, 11वीं एवं 12वीं के साइंस के छात्र-छात्राओं ने साइंस ऊर्जा पार्क का जाकर विभिन्न विज्ञान के दैनिक जीवन कार्य में आने एवं प्राकृतिक ऊर्जा से संबंधित विभिन्न उपकरणों का अवलोकन कर अपनी वैज्ञानिक जिज्ञासा को शांत किया। साइंस के छात्र-छात्राओं को ऊर्जा पार्क के भ्रमण से बहुत अधिक ज्ञान लाभ हुआ। छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक विज्ञान के नवीन उपकरणों के कार्यविधि का भी ज्ञान प्राप्त किया। सभी छात्र-छात्राओं ने इस शैक्षणिक भ्रमण के प्रतिवेदन प्रस्तुत कर अपने पोर्टफोलियों एवं प्रोजेक्ट में शामिल किया। हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी के सभी छात्र-छात्राओं को एमएम फन सिटि का भी भ्रमण कराया गया जिसमें बच्चो ने उत्साहपूर्वक वाटर पार्क का आनंद उठाया। इस शैक्षणिक भ्रमण को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य हरिन्द्र गोलुगिरी, एडमिनिस्ट्रेटर हमीद खान वरिष्ठ शिक्षक रूबी खान, पवित्र बढ़ाई, अनिल कुमार ढाके, रूमा मजूमदार, अवतार सिंह, रीया सोनी, रामेश्वरी साहू, संगीता भारती, जीतूदास माण्डले, उज्जवल निर्मलकर एवं बस चालक जाकीर अली, हामिद खान, भानु पटेल, रंजीत नेताम एवं परिचालक सरजू यादव, लोकेश शोरी, गेमेश्वर सुरोजिया का योगदान रहा।

04 दिन की यात्रा
12 जनवरी 2025
श्री जगन्नाथ पुरी यात्रा
श्री जगन्नाथ मंदिर, लिंगराज टेंपल, कोणार्क, केदारगौरी, चंद्रभागा, सिद्धेश्वर एंड मुकतेश्वर, खंडागिरी, धौलीगिरी, उदयगिरी
राशिः स्लीपर- 5500/-, 3AC-10,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्पेशल ट्रेन से 21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री कन्याकुमारी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।
CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511